आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 13.01.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- पिछले साल प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान के आकलन के लिए राज्य सरकार ने केंद्र को भेजी रिपोर्ट। पन्द्रह हजार 103 करोड़ रुपए से अधिक का समग्र आर्थिक प्रभाव आंका गया।
- प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शीघ्र ही 365 असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती की जाएगी।
- राज्य में बारिश न होने से फसलों को हो रहे नुकसान की कृषि मंत्री गणेश जोशी ने समीक्षा की। प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।
- बागेश्वर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकियों के साथ उत्तरायणी मेला शुरू।

**आपदा रिपोर्ट**

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पिछले साल प्रदेश में विभिन्न आपदाओं से हुए नुकसान के आकलन के लिए तैयार पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट– पीडीएनए रिपोर्ट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रेषित कर दी है। इस रिपोर्ट में आपदाओं के कारण सामाजिक, अवसंरचना, उत्पादक व क्रॉस–कटिंग क्षेत्रों में हुए नुकसान, क्षति, पुनर्वास और पुनर्निर्माण आवश्यकताओं का विस्तृत व क्षेत्रवार आकलन प्रस्तुत किया गया है। देश में उत्तराखंड अकेला ऐसा राज्य है, जहां पहली बार पूरे प्रदेश का पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 15 हजार 103 करोड़ रुपए से अधिक का समग्र आर्थिक प्रभाव आंका गया है। इसमें 3 हजार 792 करोड़ की प्रत्यक्ष क्षति, 312 करोड़ करोड़ की हानि और 10 हजार 998 करोड़ की पुनर्वास, पुनर्निर्माण व बेहतर निर्माण की आवश्यकता शामिल हैं। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा तैयार पीडीएनए रिपोर्ट, राज्य की भौगोलिक संवेदनशीलता, पर्वतीय परिस्थितियों और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। रिपोर्ट का उद्देश्य केवल नुकसान का आकलन करना ही नहीं, बल्कि भविष्य में अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आपदा–रोधी उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए योजनाबद्ध पुनर्वास व पुनर्निर्माण का रोडमैप प्रस्तुत करना है। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार से मिलने वाले आवश्यक वित्तीय सहयोग से प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र पुनर्बहाली, आजीविका संरक्षण और बुनियादी ढांचे को 'बिल्ड बैक बेटर' सिद्धांत के अनुरूप सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## भर्ती

प्रदेश में संचालित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शीघ्र ही 365 असिस्टेंट प्रोफेसर की और भर्ती की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संकायवार रोस्टर सहित भर्ती प्रस्ताव शासन को भेजा है। शासन स्तर से शीघ्र ही इन पदों पर सीधी भर्ती के लिये अधियाचन उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजा जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शत–प्रतिशत स्थाई फैकल्टी की नियुक्ति करना है। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों श्रीनगर, हल्द्वानी, देहरादून, अल्मोड़ा, हरिद्वार, रूद्रपुर और पिथौरागढ़ में 27 संकायों के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसरों के रिक्त 365 पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी। विभाग द्वारा तैयार संकायवार रोस्टर में बैकलॉक के रिक्त पदों को भी शामिल किया गया है। डॉ. रावत ने बताया कि वर्तमान में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 567 पद स्वीकृत हैं, जिसके सापेक्ष कुल 202 स्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं, जबकि 365 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों पर चयन बोर्ड द्वारा शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि नए असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संकाय सदस्यों की कमी दूर होगी और अध्ययनरत छात्रों को अनुभवी व योग्य फैकल्टी का लाभ मिलेगा।

## राज्यपाल / युवा संवाद

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम "विकसित भारत–2047" के तहत युवाओं से संवाद किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। छात्रों ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, आत्मनिर्भरता, डिजिटल सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज का निर्माण शामिल है। युवाओं ने विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति को सबसे मजबूत आधार बताते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना पूरा योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने युवाओं के विचारों, स्पष्ट सोच और दूरदर्शी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस परिपक्वता और स्पष्टता के साथ विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि युवाओं के सामर्थ्य के बल पर भारत को विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

**फसल नुकसान**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में बारिश न होने से फसलों को हो रहे नुकसान की आज देहरादून में समीक्षा की। कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने शीघ्र प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड पैक हाउस निर्माण और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप टेस्टिंग लैब की स्थापना के लिए कागजी कार्यवाही जल्द पूरी कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने प्रदेश के 93 राजकीय उद्यानों को पुनर्जीवित करने पर विशेष जोर देते हुए इन उद्यानों को आय सृजन से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा। उन्होंने जायका परियोजना, कीवी मिशन, एप्पल मिशन और ड्रैगन फ्रूट मिशन के लिए स्पष्ट और प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

**उत्तरायणी मेला**

बागेश्वर में आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकियों के साथ उत्तरायणी मेला शुरू हो गया है। जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न विभागीय, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तरायणी मेला केवल एक पारंपरिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक चेतना का जीवंत प्रतीक है।
गौरतलब है कि अंग्रेजों के काला कानून– कुली बेगार का अंत उत्तरायणी के दौरान 14 जनवरी, 1921 में कुमाऊं केसरी बद्री दत्त पाण्डे की अगुवाई में हुआ था। इस दिन कुली बेगार के रजिस्टरों को सरयू में प्रवाहित कर कुली बेगार का अंत किया गया।

**नैनी सैनी एयरपोर्ट**

पिथौरागढ़ के नैनीसैनी हवाई अड्डे को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित करने की कार्यवाही जारी है। इसके लिए प्राधिकरण की एक टीम पिथौरागढ़ पहुंच गई है, जो सभी व्यवस्थाओं को देखते हुए हस्तांतरण की कार्यवाही पर काम कर रही है। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि नैनीसैनी हवाई अड्डे को हस्तांतरित करने की कार्यवाही अंतिम चरण में है, जिसके बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा इसे संचालित किया जाएगा।

**स्वच्छता जायजा**

धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर और मॉडल जिला बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज भगतसिंह चौक से प्रेमनगर आश्रम चौक, आयरिश पुल और मुख्य द्वार बैरागी कैंप से मेला क्षेत्र बैरागी कैंप के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रेमनगर आश्रम के दोनों ओर लगी फड़, ठेली और अस्थाई दुकानों को हटाने के साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को लगातार इस क्षेत्र की निगरानी के निर्देश दिए, जिससे कोई दोबारा अतिक्रमण न करे। जिलाधिकारी ने कांवड़ पटरी मार्ग पर भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नाले और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा कचरा फेंकता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही गंदगी करने वालों का पांच हजार रुपए से कम का चालान न किया जाए।